12 Ambikapur-pg 1-0_Layout 1 3/12/2026 10:13 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 13 मार्च 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



2 नौ दिनों तक देवी मंदिर में उमड़ेगा आस्था का सैलाब




## पूर्व सरपंच समेत सात आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# लासा, डोडा, जड़, तना समेत पौने पांच करोड़ की अफीम बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के कुसमी त्रिपुरी के घोसराडांड में तीन दिनों से चल रही पुलिस और जिला प्रशासन की कार्रवाई पूर्ण हो गई है। पुलिस ने पड़ती भूमि के खेत से अफीम जड़, तना, फूल पट्टी समेत कुल 43 क्विंटल से अधिक का मादक पदार्थ जब्त किया है जिसकी अनुमानित कीमत पौने पांच करोड़ रूपए आंकी गई है। इसके साथ ही पुलिस ने इस मामले में भाजपा नेता समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब इस सिंडिकेट से जुड़े अन्य तस्करों की तलाश में जुट गई है।

**खास बात**

- सिंडिकेट के अन्य तस्करों की तलाश जरी, त्रिपुरी गांव में पूरी हुई जब्ती की कार्रवाई

बता दें कि बलरामपुर जिले के कुसमी विकासखंड अंतर्गत ग्राम त्रिपुरी के घोरसाडांड में अवैध मादक पदार्थ अफीम की खेती किए जाने का मामला सामने आया था। स्थानीय लोगों की शिकायत और वायरल वीडियो के बाद कलेक्टर राजेंद्र कटारा और एसपी वैभव बैंकर के साथ ही पुलिस व राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। इस दौरान इस बात की पुष्टि हुई कि रूपदेव भगत व कौशिल भगत खेत में अवैध रूप से मादक पदार्थ अफीम की खेती की जा रही है और फसल पककर तैयार है। अफीम के डोडा में चीरा लगाकर सुखाया गया है। इस मामले के सामने आने के बाद प्रदेश भर में हड़कंप मच गया था। पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने 100 से अधिक मजदूरों को लगाकर खेत से अफीम उखाड़ने का कार्य 11 मार्च को शुरू किया गया था। इस दौरान ▶▶ शेष पेज 4 पर



पुलिस गिरफ्त में अफीम खेती व तस्करी के आरोपी।

### 3.67 एकड़ में जब्त की गई अफीम की खेती

जांच व कार्रवाई के बाद स्पष्ट हो गया है कि त्रिपुरी गांव में कुल 3.67 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती की जा रही थी। उक्त खेत पड़ती भूम के रूप में दर्ज है। कार्रवाई के दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की मौजूदगी में राजस्व विभाग की टीम ने कार्रवाई की है। शरुआत में यह बात सामने आ रही थी कि किसानों ने फूलो की खेती के नाम पर जमीन लीज पर दी गई थी लेकिन अब स्पष्ट है कि इस कारोबार में भूमि स्वामियों रुपदेव राम भगत और कौशिल भगत की भी संलिप्तता थी। इसके साथ ही इस कारोबार में जशपुर जिले से भाजपा नेता शामिल था जिसकी निगरानी में यह पूरी खेती चल रही थी लेकिन अब तक पुलिस गिरोह के मुख्य सरगना को नहीं पकड़ पाई है।

### इन आरोपियों को किया गिरफ्तार

पुलिस ने अफीम की खेती के मामले में भूमि स्वामी कुसमी के त्रिपुरी सरनाटोली निवासी 50 वर्षीय रुपदेव राम भगत आ. ठाकुर राम, त्रिपुरी माचाडीपा निवासी 30 वर्षीय कौशिल भगत आ. रंगहू उर्फ रंघु राम के साथ ही भाजपा नेता व पूर्व सरपंच जशपुर जिले के आस्ता भगचंद निवासी 56 वर्षीय जिरमल मुंडा आ. बुधन, गिरोह का सदस्य बिहार गया सोमया बाराचट्टी निवासी 24 वर्षीय मनोज कुमार आ. सीता यादव, 27 वर्षीय उमेन्द्र कुमार आ. रामचंद्र यादव, झारखंड चतरा जोरी के कोलवा निवासी 45 वर्षीय विन्देश्वर आ. कमर गंजहू व जशपुर जिले के आस्ता कुरग निवासी कृष्णा सिंह आ. महादेव सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। आरोपी लम्बे समय से क्षेत्र में अफीम की खेती करने के साथ ही तस्करी का कारोबार कर रहा है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8,18 के तहत कार्रवाई की है।

### बरामद किया गया अफीम लासा

बड़ी बात यह है कि पुलिस ने मौके से 1.900 किलोग्राम अफीम का लासा बरामद किया है। अफीम के डोडा में चीरा लगाने के बाद निकलने वाले इसी रस को एकत्रित करने का काम किया जाता है और इसमें मौजूद मोर्फिन से ही हेरोईन बनाने का काम होता है। इसलिए इसकी कीमत करोड़ो में होती है। इसके साथ ही अफीम के डोडा और चूरा का उपयोग भी सूखे नशे में होता है। बताया जा रहा है कि सिंडिकेट में शामिल लोग लम्बे समय से इसकी तस्करी कर रहे थे। तस्करों ने अब तक कितना डोडा, चूरा और अफीम लासा की तस्करी कर ली इसका जवाब पुलिस के पास नहीं है और ना ही अधिकारी इस बारे में कुछ बताना चाह रहे है।

### करा रहे गहन परीक्षण

जिले में राजस्व, पुलिस प्रशासन एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जिले की सीमावर्ती क्षेत्रों सहित जिले की समस्त भूमि का चिन्हांकन कर विधिवत सघन जांच करते हुए गहन परीक्षण किया जा रहा है। यदि किसी भूमि पर अफीम की खेती पाये जाने पर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अफीम या मादक पदार्थों की खेती की जानकारी पुलिस व प्रशासन को दें। सूचना देने वालों की जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

**-राजेन्द्र कटारा**, कलेक्टर बलरामपुर

### चल रही है कार्रवाई

सूचना के बाद अफीम लासा, सूखे फल, अफीम को जड़ तना पत्ती फूल फल सहित उखाड़ कर जब्त किया गया है। इस मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही प्रकरण में एंड टू एंड विवेचना कार्रवाई जारी है। इस कारोबार में शामिल जो भी लोग है उन सभी पर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही जिलेभर में पुलिस, प्रशासन एवं फॉरेस्ट विभाग की संयुक्त टीमों के द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

**-वैभव बैंकर रमनलाल**, एसपी बलरामपुर

## छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल परीक्षा 16 से

बलरामपुर। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा 16 मार्च से 8 अप्रैल तक प्रातः 8.30 से 11.45 बजे तक अयोजित होगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले में 7 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए हैं। जिसके अंतर्गत स्वाामी आत्मानंद उत्कृष्ट (हिन्दी माध्यम) विद्यालय बलरामपुर, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय रामानुजगंज, शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय शंकरगढ़, शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय राजपुर, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय वाड्रफनगर, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बरतीकला, शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कुसमी को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा के लिए कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में सम्बन्धित अनुभाग लिए एसडीएम को दल प्रभारी एवं बीईओ व महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक को सदय बनाया गया है।



**रमज़ान मुबारक**

**तेइसवां रोज़ा**

आज का इफ्तार - 6.09 बजे

कल की सेहरी - 4.43 बजे


MARK OF EXCELLENCE

मस्तिष्क की गहन जांच, स्टीक इलाज एवं सुरक्षित सर्जरी एक ही स्थान पर

बिलासपुर का पूर्ण न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी सेंटर

सिरदर्द / माइग्रेन • नींद की समस्या
लकवा (स्ट्रोक) • चलने में संतुलन की समस्या
मिर्गी (एपिलेप्सी) • ब्रेन ब्लीडिंग
पार्किन्सन रोग • ब्रेन / स्पाइन की चोट
नसों की कमजोरी • नस दबना
झनझनाहट / सुन्नपन • स्लिप डिस्क
कमर व गर्दन का दर्द • दिमाग में पानी (हाइड्रोसेफेलस)
याददाश्त की कमी • ब्रेन ट्यूमर
दिमाग / नसों का संक्रमण

पूरी तरह सुसज्जित आईसीयू और ऑपरेशन थियेटर उपलब्ध

Dr. Naresh Krishnani, MS, Mch (KGMU Luchnow), Neurosurgeon

Dr. Neelam Sahu Puri, Md, DrNB, Neurologist

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
Email: Info@markhospital.com

AdPRAYAS



8 March Happy Woman's Day

हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

CHOUKSEY GROUP OF COLLEGES, BILASPUR (C.G.) — B.TECH, M.TECH, MBA, PHARMACY, LAW, BAMS, DEGREE COURSES

प्रथम पुरस्कार — वाशिंग मशीन
द्वितीय पुरस्कार — इंडक्शन
तृतीय पुरस्कार — मिक्सर ग्राइंडर
चतुर्थ पुरस्कार — इलेक्ट्रीक आयरन
विशेष पुरस्कार 5 एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार

1. भगवान महावीर जी की माता का क्या नाम था ? ................
2. भारत की प्रथम महिला सरोद वादक कौन थी ? ................
3. भारत की प्रथम महिला पायलट कारगिल युद्ध आपरेशन में भाग लिया ? ................
4. भारत की प्रथम महिला न्यूज रीडर कौन थी ? ................
5. मेयर बनने वाली प्रथम किन्नर कौन थी ? ................
6. रेल्वे बोर्ड में पहली महिला सदस्य का नाम ? ................
7. टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ................
8. भारतीय वायु सेना की प्रथम महिला एयर मार्शल ? ................
9. दिल्ली मेट्रो ट्रेन की प्रथम महिला आपरेटर ? ................
10. प्रथम महिला भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल का नाम ? ................

Learn AI Design Tools this Summer — छुपा है हर घर में हुनर, एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Exclusively for Class 5th - 11th
ARENA ANIMATION
Call : 88188 00 890 Link Road, Bilaspur
• Graphics • Web Page Designing • Gaming • Sound - Video Editing • 2D - 3D Animation

New Town — Own it!
Off. Add. : 2nd Floor, KRISHNA Sanchhatra Compound, Shiv Talkies Square, Beside Jalaram Food Junction Bilaspur (C.G.)

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2.महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है । 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्ठि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा । 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा । 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा । 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी । 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है ।

विश्व महिला दिवस प्रविष्टि
नाम सुश्री / श्रीमती :- ................
पिता/पति का नाम :- ................
स्थाई पता :- ................
फोन/मो. नं. :- ................
शैक्षणिक योग्यता :- ................
फोटो यहां चिपकाएं

punjab national bank ...the name you can BANK upon !
pnb call 1-800-2222 or 1-800-103-2222 Toll Free www.pnbindia.in

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING | MBA | PHARMACY | LAW | COMMERCE, ARTS & SCIENCE | SCHOOL
Campus: Near High Court, Raipur Road, Bilaspur
Mob. : 9522220113, 9516606123



हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी & inh 24x7 बढ़ते भारत की आवाज़

ITSA HOSPITALS Presents

जिला संवाद 2026 मुंगेली

छत्तीसगढ़ सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर
जिले के विकास में कारगर हो रही योजनाओं, विकास कार्यों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन

डॉ. हिमांशु द्विवेदी
प्रधान संपादक - हरिभूमि, आईएनएच

15 मार्च 2026, रविवार, समय : दोपहर 03 बजे से
कार्यक्रम स्थल
जन दर्शन कक्ष, कलेक्टोरेट, मुंगेली, जिला - मुंगेली

**खबर संक्षेप**

## जिला एवं सत्र न्यायालय में विश्व महिला दिवस मना



**बैकुण्ठपुर।** छग उच्च न्यायालय बिलासपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश बैकुंठपुर के मार्गदर्शन में 8 मार्च को अंतर्राष्टीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। अंतराष्टीय महिला दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायालय बैकुंठपुर में भव्य रूप से अंतर्राष्टीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश योगेश पारीक की गरिमामयी उपस्थिति रही साथ ही बैकुंठपुर जिला न्यायालय में पदस्थ सभी न्यायाधीशगण एवं मनेन्द्रगढ़, चिरमिरी, जनकपुर न्यायालय में कार्यरत न्यायाधीशगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिला न्यायालय में कार्यरत कर्मचारीगण एवं व्यवसायरत महिला अधिवक्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। उपस्थित अतिथिगण एवं महिलाओं का स्वागत बैज एवं तिलक लगाकर किया गया। आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इसमें कविता पाठ्न एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला न्यायालय में कार्यरत महिलाओं को उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्तागण द्वारा समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान और समर्पण के बारे में प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि के द्वारा समाज में नारी के योगदान, उपलब्धियों और समर्पण पर विशेष प्रकाश डालते हुए नारी का सम्मान बनाए रखने का आह्वान किया गया।

## भाजपा कार्यालय का घेराव केवल राजनीति

**मनेन्द्रगढ़।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी ने कांग्रेस द्वारा भाजपा



जिला कार्यालय के घेराव किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित कदम है। जब प्रशासन अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रहा है, तब कांग्रेस का इस तरह विरोध करना कई सवाल खड़े करता है। श्री द्विवेदी ने कहा कि प्रदेश में अवैध रूप से अफीम की खेती करने वालों के खिलाफ प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई कानून के दायरे में रहकर की जा रही है, ताकि अवैध कारोबार पर रोक लगाई जा सके और समाज को नशे के दुष्प्रभाव से बचाया जा सके, लेकिन हैरानी की बात है कि कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता इस कार्रवाई का विरोध करते हुए भाजपा कार्यालय का घेराव कर रहे हैं।

**चैत्र नवरात्रि की तैयारियां शुरू, 19 से शुरू होगा पर्व**


# नौ दिनों तक देवी मंदिर में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर


शक्ति की आराधना का महापर्व चैत्र नवरात्र को लेकर जिले के देवी मंदिरों में आवश्यक तैयारियां शुरू हो गई है। 19 मार्च से शक्ति की उपासना का नौ दिवसीय अनुष्ठान प्रारंभ होगा। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों में साफ-सफाई, रंग-रोगन के साथ साज -सज्जा का काम तेजी से चल रहा है।

जानकारी के अनुसार इस बार चैत्र नवरात्र पूरे नौ दिनों तक होगा, इसलिए इस दौरान श्रद्धालु शक्ति के देवी की भक्ति में लीन रहेंगे। पंडितों के अनुसार इस बार चैत्र नवरात्र में शुभ संयोग बन रहा है। पहले दिन 19 मार्च को प्रतिप्रदा तिथि पर घट स्थाना के साथ मां दुर्गा का आगमन डोली पर होगा। घट स्थापना के दौरान ग्रहो का दुर्लभ संयोग अत्यंत शुभ फलदायक साबित होगा। वहीं 19 मार्च को जहां चैत्र नवरात्र की शुरूआत हो रही है, इसी दिन विक्रम नववर्ष भी शुरू हो रहा है, इससे खुशियां दुगुनी हो जाएगी, इसके साथ ही पूरे नौ दिनों तक शक्ति के देवी की आराधना विधि -विधान के साथ की जाएगी। देवी मंदिरों में माता के जयकारे के साथ जसगीत गुंजने शुरू हो जाएंगे। तेज धूप के बीच भी भक्ति कम नहीं होगी। विभिन्न क्षेत्रों के श्रद्धालु दूर-दूर तक देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्र पहुंच कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना एवं दर्शन करते हैं।

### महामाया मंदिर में जलेंगे हजारों मनोकामना दीप



चैत्र नवरात्र के अवसर पर जहां देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है, वहीं इस अवसर पर प्रमुख देवी मंदिरों में हजारो संख्या में मनोकामना दीप जगमग होंगे। मंदिरों की आकर्षक साज-सज्जा के बीच ज्योति दीप की जगमग रौशनी मन को आत्मिक शांति प्रदान करते हैं। जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के खड़गवां के निकट ग्राम चनवारीडॉड स्थित मां महामाया मंदिर में चैत्र नवरात्र की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। यहां बड़ी संख्या में मनोकामना दीप प्रज्जवलित की जाती है। साथ ही यहां कोरिया-एमसीबी के अलावा, गौरेला पेण्ड्रा मरवाही तथा कोरबा जिले से भी काफी संख्या में श्रद्धालु मत्था टेकने पहुंचते हैं। आगामी 19 मार्च से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र पर कोरिया-एमसीबी जिले के प्रमुख देवी मंदिरों में आस्था का सैलाब पूरे नौ दिनों तक उमड़ेगा। प्रमुख देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी जुटती है कि मंदिर परिसर व क्षेत्र में मेले जैसा नजारा बना रहता है। सुबह होने के साथ ही श्रद्धालु माता के दर्शन एवं मत्था टेकने के लिए पहुंचने लगते हैं और यह क्रम शाम ढलने के बाद तक बनी रहती है।



### अस्पताल बंद रहने से पशुओं के उपचार में हो रही देरी

# दो माह से बंद है पशु अस्पताल

हरिभूमि न्यूज. अनूपपुर

जिले के ग्राम बेलिया बड़ी में स्थित शासकीय पशु अस्पताल पिछले करीब दो माह से बंद पड़ा है, जिससे क्षेत्र के किसानों और पशुपालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल के मुख्य द्वार पर ताला लटका होने के कारण बीमार पशुओं का इलाज नहीं हो पा रहा है और किसानों को मजबूरन दूसरे गांवों में दवा और उपचार के लिए भटकना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार इस अस्पताल पर डॉक्टर की पदस्थापना कागजों में तो है, लेकिन हकीकत में अस्पताल लंबे समय से नियमित रूप से संचालित नहीं हो पा रहा है। पिछले दो महीनों में एक भी दिन अस्पताल खुलने की जानकारी नहीं मिली है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह



समस्या नई नहीं है, बल्कि वर्षों से अस्पताल की स्थिति लगभग यही बनी हुई है, लेकिन विभागीय अधिकारियों ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। हाल ही में एक किसान अपने बीमार पशु के लिए दवा लेने अस्पताल पहुंचा था। उसे उम्मीद थी कि यहां इलाज मिल जाएगा, लेकिन अस्पताल के दरवाजे पर भारी ताला लटका देख उसे निराशा हाथ लगी। किसान ने बताया कि वह पशु के इलाज की उम्मीद लेकर आया था, मगर अस्पताल बंद मिलने से उसे वापस लौटना पड़ा।

ग्रामीणों का कहना है कि बेलिया बड़ी सहित आसपास के चार से पांच गांवों के सैकड़ों पशुपालक इस अस्पताल पर निर्भर हैं। अस्पताल बंद रहने से पशुओं के उपचार में देरी हो रही है, जिससे कई बार पशुओं की हालत गंभीर हो जाती है। पशुपालकों ने कई बार प्रशासन से शिकायत और गुहार भी लगाई, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल पाया है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन और पशुपालन विभाग से मांग की है कि अस्पताल में नियमित डॉक्टर और स्टाफ की तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि पशुपालकों को समय पर उपचार मिल सके, उनका मानना है कि पशुधन ही उनकी आजीविका का प्रमुख आधार है और इलाज के अभाव में पशुओं की जान जोखिम में पड़ जाती है।

**नियमित संचालित करेंगे**

पशु अस्पताल के बंद रहने की जानकारी मिलने पर विभागीय स्तर पर चर्चा की गई है। जल्द ही स्टाफ की व्यवस्था कर अस्पताल को नियमित रूप से संचालित कराया जाएगा।

**डॉ. बीबी चौधरी**
उप संचालक, पशुपालन विभाग, अनूपपुर।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर रेखा सम्मानित



**बैकुण्ठपुर।** अंतर्राष्टीय महिला दिवस के अवसर पर कोरिया जिले के पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के द्वारा मानस भवन बैकुंठपुर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का थीम गिव टू गेन रखा गया था। इस अवसर पर समाज में महिला सशक्तिकरण और जागरूकता को बढ़ावा देने वाले विभिन्न व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बैकुंठपुर की संचालिका बीके रेखा बहन को भी आमंत्रित किया गया था। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए अंतर्राष्टीय महिला दिवस 2026 के उपलक्ष्य में कोरिया पुलिस द्वारा आयोजित एक कदम स्वावलंबन से स्वाभिमान की ओर महिला जागरूकता कार्यक्रम में उन्हें शाल, श्रीफल, मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक श्री कुर्रे ने ब्रह्मकुमारी बहनों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी आमंत्रित कर उनका सम्मान किया और समाज में उनके द्वारा किए जा रहे।

# पीलिया का प्रकोप, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर



**मनेन्द्रगढ़।** नगर में पीलिया (जॉन्डिस) के बढ़ते मामलों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। शहर के कई वार्डों में पीलिया के मरीज सामने आने के बाद विभाग ने त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। एहतियात के तौर पर नगर के फिल्टर प्लांट से पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि पेयजल की गुणवत्ता में कहीं कोई कमी तो नहीं है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शहर में व्यापक सर्वे अभियान भी चलाया जा रहा है। मितानिनें घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जानकारी ले रही हैं और संभावित मरीजों की पहचान कर रही हैं। साथ ही लोगों को स्वच्छ पानी पीने, साफ-सफाई बनाए रखने तथा खुले में बिक रहे खाद्य पदार्थों से बचने की सलाह दी जा रही है। इस अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे, नगर पालिका रके मुख्य नगर पालिका अधिकारी इसहाक खान तथा फूड सेफ्टी ऑफिसर की टीम ने संयुक्त रूप से शहर के प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया। भगत सिंह तिराहा और बस स्टैंड क्षेत्र में खुले में बिक रहे खाद्य पदार्थों की जांच की गई। निरीक्षण के दौरान कई दुकानों में स्वच्छता की कमी पाई गई, जिस पर अधिकारियों ने दुकानदारों को कड़ी हिदायत दी।

# कांग्रेसियों ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव

### कुमार चौक से पैदल मार्च कर गए छिंदडांड भाजपा कार्यालय

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

दुर्ग जिले के समोदा गांव में भाजपा कार्यकर्ता द्वारा लगभग 10 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती किए जाने के मामले के विरोध में गुरूवार को को कांग्रेसियों ने भाजपा कार्यालय का घेराव कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के तहत 12 मार्च को सैकड़ों की संख्या में जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता के नेतृत्व में रैली के रूप में पैदल मार्च निकालते हुए राजीव भवन से कुमार चौक होते हुए छिंदडाड़ स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे। वहां कांग्रेसियों ने भाजपा कार्यालय का घेराव करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया




कि प्रदेश में भाजपा सरकार के संरक्षण में नशे का कारोबार बढ़ रहा है। दुर्ग जिले के समोदा गांव में भाजपा कार्यकर्ता द्वारा लगभग 10

## पांचवां स्मृति दिवस दिव्यता दिवस के रूप में मना



**बैकुण्ठपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय बैकुंठपुर में 11 मार्च को सभी की अति प्रिय राजयोगिनी दादी हृदय मोहिनी जी का पांचवां स्मृति दिवस दिव्यता दिवस के रूप में श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने दादी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में केन्द्र संचालिका बीके रेखा बहन ने दादी हृदय मोहिनी जी के जीवन और उनके आध्यात्मिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दादी जी की आंखों में परमात्म प्रेम की दिव्य आभा झलकती थी। उनका रूहानी व्यक्तित्व और दिव्य गुणों से भरा जीवन लाखों लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा।

# भूमि अधिग्रहण में हो रही देरी से लटकी बहुप्रतीक्षित रेल परियोजना

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

बहुप्रतीक्षित और क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही चिरमिरी-नागपुर हॉल्ट नई रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना में लगातार हो रही देरी को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। रेलवे डिवीजन बिलासपुर के पूर्व डीआरयूसीसी सदस्य एवं अधिवक्ता विजय प्रकाश पटेल ने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव तथा रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार को पत्र भेजकर अधिग्रहण और टेंडर प्रक्रिया को अविलंब प्रारंभ कराने की मांग की है।

अधिवक्ता श्री पटेल ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि इस परियोजना से संबंधित प्रारंभिक नोटिफिकेशन भारत के राजपत्र में 8 मई 2025 को तथा भूमि अधिग्रहण से संबंधित अंतिम नोटिफिकेशन 27 अगस्त 2025 को प्रकाशित हो



चुका है। इसके बाद भूमि स्वामियों को दिए जाने वाले मुआवजे में 50 प्रतिशत की वृद्धि भी कर दी गई थी। वहीं लोक सूचना की निर्धारित अवधि भी 2 फरवरी 2026 को समाप्त हो चुकी है, इसके बावजूद अभी तक भूमि अधिग्रहण और टेंडर प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है। उन्होंने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और जीवनदायिनी मानी जा रही है। इसका भूमि पूजन वर्ष 2018 में हो चुका था और उस समय इसे दो वर्षों में पूर्ण करने की सार्वजनिक घोषणा भी की गई थी। परियोजना के लिए लगभग 241.50 करोड़ रूपए का पूरा फंड पहले ही जारी किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद काम शुरू नहीं हो पा रहा है। अधिवक्ता श्री पटेल ने बताया कि इस परियोजना की लागत केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा आधी-आधी वहन की जानी है। केन्द्र सरकार द्वारा राशि स्वीकृत किए जाने के बाद 9 फरवरी 2024 को प्रस्तुत बजट में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार ने भी राज्य का हिस्सा जारी कर दिया था, इसके बाद भी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि भूमि अधिग्रहण की अंतिम प्रक्रिया मनेन्द्रगढ़ कलेक्टर कार्यालय में लंबित पड़ी हुई है। उन्होंने प्रशासन से सवाल करते हुए कहा कि जब केन्द्र और राज्य सरकार की ओर से पूरी राशि उपलब्ध है और भूमि अधिग्रहण से जुड़ी लगभग सभी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी हैं, तब भी भूमि स्वामियों को उनका मुआवजा देने और अधिग्रहण की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में आखिर इतनी देरी क्यों हो रही है। इस स्थिति से प्रभावित हितग्राहियों और क्षेत्रवासियों में गहरी नाराजगी और आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है।

सरगुजा मार्केट

डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के ( चौथा रविवार )
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार )
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जन
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 22 मार्च 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 मार्च, 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 14 मार्च 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

# भाजपा ने पुतला दहन कर टीएमसी सरकार के खिलाफ जताई नाराजगी

**बैकुण्ठपुर।** भाजपा एसटी मोर्चा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कथित अपमान के विरोध में नगर पंचायत पटना के आदर्श चौक में ममता बनर्जी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी का पुतला दहन कर टीएमसी सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। एसटी मोर्चा जिलाध्यक्ष विमलचंद चेरवा ने कहा कि देश की राष्ट्रपति के साथ हुआ व्यवहार बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह केवल देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का ही अपमान नहीं है, बल्कि इससे पूरे आदिवासी समाज की भावनाओं को भी ठेस पहुंची है। नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह ने कहा कि यह घटना टीएमसी सरकार की मानसिकता को दशार्ती है और भाजपा इस तरह के अपमान को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने राज्य सरकार से इस मामले में जवाब देने और माफी मांगने की मांग की। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, जिला महामंत्री कपिल जायसवाल, नगर



पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह,नगर पंचायत उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल, जिला सह मीडिया प्रभारी वर्षा साहू, जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी राकेश गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव, महामंत्री सत्यम साहू, सच्चिदानंद द्विवेदी,अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिलाध्यक्ष विमलचंद चेरवा, अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलराज रवि, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला महामंत्री कमलेश एक्का, राय सिंह, अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला मंत्री विश्वनाथ सिंह, पार्षद राजेश, रेखा वर्मा, अहिबरन सिंह, अजजा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मंगल सिंह, जिला मंत्री रमेश पोया, देवेन्द्र ,आशीष सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कोरिया कॉलरी क्षेत्र में बंदरों का आतंक

**कोरिया कॉलरी।** क्षेत्र में बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा घटना में अपनी नानी के साथ घूम रहे 5 साल के एक मासूम बच्चे पर बंदरों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे बच्चा



गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। जानकारी के अनुसार बच्चा अपनी नानी के साथ घर के पास टहल रहा था। इसी दौरान अचानक बंदरों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। बंदरों ने शिवम सिंह उम्र 5 वर्ष के कपड़े फाड़ दिए और उसे घायल कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह बंदरों को भगाकर बच्चे को बचाया और तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कोरिया कॉलरी क्षेत्र में पिछले काफी समय से बंदरों का आतंक बना हुआ है। आए दिन बंदर लोगों पर हमला कर रहे हैं, घरों में घुसकर सामान नुकसान पहुंचा रहे हैं और बच्चों व बुजुर्गों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। इसके बावजूद वन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

# बैकुंठपुर रोड स्टेशन मास्टर की बाइक पार, जुर्म दर्ज

**चरचा कॉलरी।** जिले के बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन परिसर के बाहर से स्टेशन मास्टर की मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पीड़ति ने थाना चरचा में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज किशोर पिता स्व. सिंहेश्वर प्रसाद निवासी पटना थाना पटना जिला कोरिया, वर्तमान में कटोरा रेलवे स्टेशन में स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने 3 मार्च की रात्रि लगभग 12 बजे बैकुंठपुर रोड रेलवे स्टेशन में रिलीविंग ड्यूटी के लिए अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीके 2605 खड़ा कर ड्यूटी करने अंदर चले गए। जब उनकी ड्यूटी समाप्त हुई और वह सुबह करीब 8:30 बजे घर जाने के लिए स्टेशन के बाहर पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि उनकी बाइक वहां नहीं थी।

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
creating healthy tomorrow
24/7 EMERGENCY SERVICES
CGHS से मान्यता प्राप्त
अनुभवी एम.डी. डॉक्टर के द्वारा आधुनिकतम तकनीक से
3D/4D सोनोग्राफी एवं कलर डॉप्लर
सुविधा उपलब्ध आपके शहर अम्बिकापुर में
सोनोग्राफी की सभी जाँच एक ही जगह, गर्भावस्था, पेट, किडनी, थायरॉयड, डॉप्लर जाँच, गंभीर मरीज़ों के लिए तुरंत जाँच सुविधा
जाँच समय पर हो
इसी सोच के साथ हमारा निरंतर प्रयास है कि रेडियोलॉजी सेवाएँ निर्बाध, तेज और भरोसेमंद हों ताकि मरीज़ और उनके परिजन कम चिंता और अधिक भरोसा महसूस करें।
हमारा वादा
कम प्रतीक्षा समय
सटीक व विश्वसनीय रिपोर्ट
जाँच से इलाज तक बेहतर तालमेल
बड़े शहर जैसी सुविधा अपने शहर में
उपलब्ध सेवाए
सोनोग्राफी
डिजिटल एक्स-रे
कलर डाप्लर
एंडोस्कोपी स्केन
2D ईको
ई.ई.जी.
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस:
M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस:
B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD
ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत के सामान्य सभा की बैठक आज

**बलरामपुर।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 13 मार्च को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में कृषि विभाग, जल संसाधन, उद्यान एवं श्रम विभाग के अंतर्गत विभागीय योजना की समीक्षा सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

### शुद्ध पेयजल उपलब्धता के लिए विशेष अभियान 15 से

**बलरामपुर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्मकाल के दौरान शुद्ध पेयजल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 15 मार्च से 15 अप्रैल तक विशेष हैंडपंप संधारण अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले में स्थापित पेयजल स्त्रोतों की मरम्मत, संधारण और जल की गुणवत्ता की नियमित जांच सुनिश्चित की जाएगी। कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ने संबंधितों को अभियान के दौरान सभी उपखंडों के भंडार गृहों में हैंडपंप संधारण के लिए आवश्यक सामग्री जैसे राइजर पाइप, स्पेयर पाट्र्स तथा पेयजल की शुद्धता के लिए सोडियम हाइपोक्लोराइट पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखने के निर्देश दिए हैं, ताकि खराब हैंडपंपों की तत्काल मरम्मत की जा सके। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित पेयजल स्त्रोतों को सोडियम हाइपोक्लोराइट से क्लोरीनेशन किया जाएगा तथा संचालित एकल ग्राम और समूह जल प्रदाय योजनाओं के माध्यम से उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल में अंतिम छोर तक क्लोरीन की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित की जाएगी। पेयजल की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए हैंडपंपों के पानी की जांच एफटीके (फील्ड टेस्ट किट) और प्रयोगशाला के माध्यम से कराई जाएगी, जिससे लोगों को सुरक्षित और शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके।

### सरगुजा में घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भण्डारण पर कार्रवाई

**अम्बिकापुर।** गैस सिलेंडरों की किल्लत की खबर सामने आने के बाद अवैध रूप से गैस सिलेंडर भंडारण की होड़ मच गई है। गैस एजेंसियों के बाहर लोगों की लंबी लंबी कतारें नजर आ रही है और लोग गैस सिलेंडर भरवाने के लिए कड़ी मशक्कत कर रहे है। इस बीच कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध भण्डारण एवं वितरण पर कार्रवाई की गई है। खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार उदयपुर क्षेत्र में की गई जांच के दौरान तुलसी छत्तीसगढ़ गैस एजेंसी उदययपुर से 115 नग, गोरख गैस चूल्हा रिपेयरिंग, नमनाकला से 03 नग तथा प्रदीप गैस चूल्हा रिपेयरिंग शॉप, दर्रीपारा से 6 नग घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। इस प्रकार कुल 124 नग गैस सिलेंडर जप्त किए गए हैं। उक्त प्रकरण में द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश, 2000 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिले के सभी उपभोक्ताओं से कहा है कि घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने बताया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है तथा सभी गैस एजेंसियों में पर्याप्त मात्रा में स्टॉक मौजूद है। गैस सिलेंडरों की आपूर्ति एवं वितरण पर नियमित रूप से निगरानी रखी जा रही है। साथ ही राज्य स्तर पर भी घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति, उपलब्धता एवं दैनिक आवश्यकता की सतत निगरानी रखने तथा अवैध भण्डारण पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अलग-अलग सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर निवासी अनूप कुमार कुजूर आ. विक्टोर (40 वर्ष) विद्युत विभाग में लाइनमैन का काम करता था। बुधवार को पैदल ड्यूटी पर जा रहा था और जैसे ही एसडीएम बंगला चौक के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे लाइन मैन गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। दूसरी घटना में झगराखाड निवासी सतीश कुमार आ. स्व. कैलाश कौल (28वर्ष) बुधवार को दोस्त के साथ बाइक से ग्राम कठौतिया गया था। बाइक सवार कठौतिया से वापस लौटने लगे तभी रास्ते में अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे सतीश गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई वहीं एक अन्य घटना में बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम देवानी बांध निवासी श्रीलाल आ. अर्जुन सूर्यवंशी (30 वर्ष) बुधवार को बाइक से मजदूरी करने बैकुंठपुर जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार ग्राम कोटेडांड के समीप पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार जिससे श्रीलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को बैकुंठपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## पेज 1 के शेष...

### लासा, डोडा, जड़, तना समेत...

एसएफएल, पुलिस व जिला प्रशासन के राजस्व विभाग की टीम ने मौके से एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत अवैध अफीम के फसल को जब्त करने का काम शुरू किया गया। इस दौरान पुलिस ने मौके से अधिकारियों ने दो डब्बा में आधा आधा भरा हुआ अफीम का लासा, चार बड़ी व एक छोटी बोरी में सूखे फल को बरामद करने के साथ ही खेत में मौजूद अफीम जड़, तना व फूल पत्ती के साथ उखाड़कर तौल कराया गया। पुलिस ने मौके से 4344.569 किलोग्राम अफीम की फसल बरामद की जिसकी अनुमानित कीमत ही 4 करोड़ 75 लाख रूपए आंकी गई है।

### कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने उठाए सवाल, लगाए गंभीर आरोप

# जहां हो रही अफीम की खेती वहां प्रशासन की गिरदावरी में अन्य फसल दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- डेढ़ किमी पैदल पहाड़ की चढ़ाई कर उतरी टीम

बलरामपुर जिले में अफीम की खेती का मामला सामने आने के बाद कांग्रेस की टीम ने गुरुवार को कुसमी के कोरंधा अंतर्गत तुर्रीपानी का निरीक्षण किया। इस दौरान कांग्रेस नेता अफीम के खेत में उतरे और वस्तु स्थिति का जायजा लेने के साथ ही प्रदेश सरकार और जिला व पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाए।

बता दें कि बलरामपुर जिले के कुसमी विकासखंड त्रिपुरी गांव में 10 मार्च को व कोरंधा थाना अंतर्गत खजुरी के तुर्रीपानी गांव में अफीम की खेती किए जाने का मामला सामने आया है। अफीम की खेती को लेकर कांग्रेस प्रदेश सरकार और भाजपा पर हमलावर हो गई है। इस बीच कांग्रेस ने इस पूरे मामले की जांच के लिए एक कमेटी बनाई है जिसका संयोजक पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम को बनाया है। बुधवार को टीम त्रिपुरी गांव में पहुंची थी जबकि गुरुवार को कांग्रेस की जांच टीम तुर्रीपानी गांव पहुंची। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. प्रीतम राम, भानु प्रताप सिंह, केपी सिंह, हरीश मिश्रा सहित अन्य कांग्रेस नेता अफीम के खेत में पहुंचे और जानकारी हासिल की। इस दौरान अजजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने प्रशासनिक कार्यशैली पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे कारोबार में मध्यस्थता करने वाले लोग भाजपा के पदाधिकारी है। पुलिस द्वारा स्थानीय लोगों और मजदूरों को तो गिरफ्तार कर लिया गया लेकिन मुख्य सरगना अब तक गिरफ्तार नहीं हुआ। इसके साथ ही मैदानी अमला, पटवारी, आरआई, सहित अन्य मैदानी अमले ने सही तरीके से रिपोर्टिंग नहीं की। इतना ही नहीं त्रिपुरी में सरपंच ने सूचना दी इसके बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने सवाल उठाया कि जिला प्राशासन द्वारा गिरदावरी का कार्य कराया गया जिसमें उक्त भूमियों को अन्य फसल दर्शाया गया जो की एक गंभीर मामला है। अधिकारी मौके पर जाकर सही तरीके से गिरदावरी नहीं कर रहे है या फिर जानबूझकर गड़बड़ी की गई। उन्होंने कलेक्टर एसपी से इस मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है।


अफीम की खेती का निरीक्षण करती कांग्रेस की जांच टीम।

### महिला पटवारी की लगी ड्यूटी

भानु प्रताप सिंह ने बताया कि जिस स्थान पर अफीम की खेती की गई वह प्रदेश के अंतिम छोर पर बसा गांव है। दुर्गम पहाड़ी रास्ते पर जाने के लिए कलेक्टर, एसपी व सभी को पैदल चलना पडा। अधिकारियों को एक दूसरे का हाथ पकड़कर पहाड़ से नीचे उतरना पड़ा और इस स्थान पर जिला प्रशासन ने एक महिला पटवारी की ड्यूटी लगा दी थी। इस विषम परिस्थिति में एक महिला पटवारी आखिर कैसे क्षेत्र का दौरा कर सकती है और गिरदावरी कर पाएगी। उन्होंने कहा कि महिला पटवारी की इस स्थान पर ड्यूटी लगाने के पहले जिले के अधिकारियों को इस बात का ध्यान रखना चाहिए था।

## कांग्रेस ने किया भाजपा कार्यालय का घेराव

- सरकार अपने नेताओं को संरक्षण देकर करा रही अफीम की खेती : डॉ. प्रेमसाय

संभाग के बलरामपुर जिले में अफीम की खेती और फलते फूलते नशे के कारोबार को लेकर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने जिला प्रभारी पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय का सांकेतिक घेराव किया। इस दौरान कार्यालय के बाहर पुलिस का कड़ा पहरा मौजूद रहा। जिला कार्यालय राजीव भवन से पैदल रैली निकालकर भाजपा कार्यालय का घेराव करने पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने बेरीकेट्स लगाकर रोक लिया।

इस दौरान कांग्रेस ने जमकर नारेबाजी की और अपना विरोध जताया। कांग्रेस का आरोप है कि दुर्ग जिले के समोद में भाजपा नेता विनायक ताम्रकार द्वारा अफीम की खेती का मामला सामने आने के बाद अब बलरामपुर जिले में भी 2 स्थानों पर अफीम की खेती पकड़ी गई है। यह भी स्पष्ट हुआ है कि बलरामपुर जिले में अफीम की खेती की बात जनवरी से पुलिस की संज्ञान में था। इन सब के बावजूद पुलिस इस अवैध खेती से आंख मूंदे रही। कांग्रेस ने अफीम की खेती बंद करो नारे के साथ ही साथ मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग भी की। घेराव के उपरांत राज्यपाल के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। इस दौरान मीडिया को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस प्रभारी पूर्व केबिनेट मंत्री डॉ प्रेमसाय सिंह ने कहा कि विष्णुदेव सरकार देश की पहली ऐसी सरकार है जो स्कूल बंद कर शराब दुकान खोल रही है, और अब शराब दुकान से उनका मन नहीं भरा है तो अपने नेताओं को संरक्षण देकर अफीम का स्टार्टअप तैयार करा रही है। घेराव के दौरान पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि सरकार जानबूझकर नशे के कारोबार को बढ़ावा दे रही है। वास्तव में सरकार पूर्णतः असफल साबित हुई है। इससे पैदा हो रहे असंतोष को दबाने के लिये जानबूझकर प्रदेश के नागरिकों को शराब और सूखे नशे के गर्त में धकेल रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि प्रदेश में हाल ही ने पकड़े गये नशे के माफियाओं पर चर्चा के दौरान सरकार ने विधानसभा में अपने जवाब के दौरान इस गिरोह के सदस्यों का नाम छुपाया। इससे यह प्रमाणित होता है कि नशा माफिया को राज्य सरकार का उसी प्रकार संरक्षण है जैसे देश मे करोड़ों का ड्रग मंगवाने वाले अडानी पोर्ट को मोदी सरकार का है। इस दौरान आयोजित हुए रैली, घेराव और प्रदर्शन के दौरान अजय अग्रवाल, राकेश गुप्ता, हेमंत सिन्हा, विनय शर्मा, इंद्रजीत सिंह धंजल, अरविंद सिंह, मो इस्लाम, इरफान सिद्दकी, कृपाशंकर गुप्ता, संजय विश्वकर्मा, हेमंत तिवारी, बलराम यादव, अटल यादव, तिलक बेहरा, अमित सिंहदेव, प्रदीप गुप्ता पालू, दुर्गेश गुप्ता श्रीमती सिमा सोनी, सरोज साहू, प्रशांत सिंह चीकू, ओमप्रकाश सिंह, आलोक सिंह, जीवन यादव, गुरुप्रीत सिद्धू, विकल झा, चंद्रप्रकाश सिंह, सतीश बारी, मो हसन, गुड्डू मेराज, हिमांशु जायसवाल, अविनाश कुमार, तृपराज धंजल, बबन सोनी, सतीश यादव, परवेज आलम गांधी, सहित अन्य मौजूद थे।


प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

## ओसीएम खदान में फिलिंग कार्य के लिए डम्प राखड़ की हो रही चोरी

- सक्रिय गिरोह द्वारा दिन दहाड़े खदान परिसर में घुसकर ट्रांसपोर्ट वाहनों में मशीन से कराई जा रही लोडिंग

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के बंद पड़े ओसीएम खदान से अब फ्लाई ऐश यानि राखड़ चोरी का मामला सामने आया है, जानकारी के अनुसार खदान में कोयला उत्पादन बंद होने के बाद पॉवर प्लांटों से निकले फ्लाई ऐश की भराई का कार्य करीब एक वर्ष तक चला,हाल ही में क्वारी नंबर-1 में लगभग 13 लाख क्यूबिक मीटर राखड़ भराई पूरी होने के बाद फिलिंग कार्य को बंद कर दिया गया,जिसके बाद अब डंप राखड़ की चोरी शुरू हो गई है,बताया गया कि पिछले डेढ़-दो माह से कुछ स्थानीय युवक एक गिरोह बनाकर रात और दिन के समय डोजर और चैन माउंटेन मशीन की मदद से फ्लाई एश राखड़ को ट्रकों में लोड कर ईंट उद्योग संचालकों और पास में बन रहे ओवरब्रिज के ठेकेदार को बेच दे रहे हैं।

मामले में ओसीएम खदान के मैनेजर विजय कुमार सिंह ने बताया कि एनटीपीसी लारा, सीपत, कोरबा और रायगढ़ के पॉवर प्लांटों से अनुबंध के तहत राखड़ भराई का कार्य किया गया था,अब स्थल को समतल कर ऊपर मिट्टी भरकर वृक्षारोपण किया जाना है। उन्होंने स्वीकार किया कि खदान क्षेत्र से राखड़ चोरी की जानकारी मिली है और इस संबंध में पुलिस को लिखित सूचना दी गई है।

गौरतलब है कि एसईसीएल खदानों से पहले कोयला, कबाड़, केबल, डीजल और स्पेयर पाट्र्स की चोरी की घटनाएं सामने आती रही हैं,वहीं अब चोरों ने राखड़ चोरी का नया तरीकाभी अपना लिया है।खदान के भीतर से इस तरह की चोरी होने से एसईसीएल कम्पनी के सुरक्षा अमले पर भी सवाल उठने लगे हैं।ओसीएम में कार्य करने वाले कोल कर्मी भी खुलेआम हो रही चोरी मामले में सुरक्षा कर्मियों की चुप्पी से हैरान हैं।



### आमगांव खदान के भीतर पानी टैंकर ने खड़े ट्रेलर को मारी टक्कर

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के आमगांव खदान में गुरुवार शाम करीब 4 बजे पानी छिड़काव कर रहे एक टैंकर ने खदान के भीतर खड़ी ट्रेलर वाहन क्रमांक सीजी 15 एसी 1060 को सामने से टक्कर मार दी, हादसे में ट्रेलर का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया गया कि खदान में वर्तमान में केवल एक ही वेब्रिज से कोयला तौल का कार्य चल रहा है,इसके कारण कोयला लोडिंग के लिए पहुंचे ट्रकों को दो से तीन दिन तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे वाहन चालकों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,सूत्रों के अनुसार समय पर कोयला उठाव नहीं होने से कई पार्टियों के डीओ भी लैप्स होने की स्थिति में हैं,जबकि खदान प्रबंधन मेनपावर सहित अन्य कारणों का हवाला दे रहा है,मामले में खदान प्रबंधन का कहना है कि प्रतिदिन 100 से अधिक गाड़ियां कोयला लोड कर बिना किसी समस्या के खदान से बाहर निकल रही हैं।



## महाप्रबंधक ने सुरक्षा अमले के साथ खदानों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर


- बोरी में कोयला चुराकर ले जा रहे दो युवक पकड़ाए, पुलिस को सौंपा गया

एसईसीएल बिश्रामपुर के आमगांव,अमेरा,गायत्री खदान से संगठित रूप से रोजाना हो रही सैकड़ों टन कोयला चोरी का मामला थमता नहीं दिख रहा है।आरोप है कि इस अवैध कार्य को कथित वाइट कॉलर रसूखदारों का संरक्षण प्राप्त है।

बता दें कि गुरुवार को बड़े सबेरे क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह खदानों में हो रही कोयला चोरी की स्थिति देखने त्रिपुरा बटालियन के जवानों को साथ लेकर आमगांव खदान पहुंच गये,यहां अचानक सशस्त्र जवानों को देख कोयला चोर मौके पर कोयले से भरी बोरियों और दोपहिया वाहन को मौके पर छोड़ भाग निकले,इस दौरान सुरक्षा टीम ने कोयला चोरी कर रहे एक युवक को पकड़ लिया,साथ ही कोयला चोरों की चार बाईक और पकड़े गए युवक को रामानुजनगर पुलिस को सौंप दिया गया है,महाप्रबंधक इसके बाद गायत्री खदान पहुंचे यहां भी कई ग्रामीण बोरियों में कोयला भरने में लगे हुए थे, जवानों को देख कई कोयला चोर मौके से भाग निकले,इस दौरान एक कोयला चोर युवक को जवानों ने धर दबोचा और उसके दोनों हाथों को पीछे बांध कर उसे कोतवाली पुलिस को सौंप दिया है।

आमगांव खदान में कोयला चोरी करते पकड़े गए युवक का नाम मनवारपारा सालही निवासी दुर्गेश बताया गया है,बताया जाता है कि पिछले दिनो प्रबंधन ने कोयला चोरों और बड़ी संख्या में कोयला चोरों की बाइक को रामानुजनगर पुलिस को कार्यवाही के लिए सौंपा गया था लेकिन रामानुजनगर थाना प्रभारी ने आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के बजाय, कोयला चोरों को थाने से ही छोड़ दिया गया जिससे कम्पनी प्रबंधन भी हैरान है।एक अनुमान के मुताबिक क्षेत्र के अलग अलग खदानों से रोजाना डेढ़ से दो सौ टन कोयला चोरी हो रही है जिससे कम्पनी प्रबंधन को भारी राजस्व की क्षति पहुँच रही है।





## पानी टंकी निर्माण और पाइप लाइन विस्तार हेतु किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- चार वार्ड के लोगों को मिल सकेगी पेयजल की सुविधा

गुरुवार को शहर के वार्ड क्रमांक 14 नमनाकला में 7.5 लाख लीटर क्षमता के पानी टंकी निर्माण का भूमिपूजन किया गया। ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी व एमआईसी सदस्यों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य शुरू कराया। पानी टंकी में पानी भरने हेतु राइजिंग में मेन पाइप लाइन विस्तारीकरण कार्य हेतु मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना अंतर्गत राशि 41.23 लाख रुपए की भी स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसका कार्य आदेश जारी किया जा चुका है। इस टंकी के कार्य पूर्ण हो जाने के उपरांत निकाय के जल संकटग्रस्त वार्ड 12, 13, 14, 47 के वार्डवासी लाभान्वित होंगे एवं आवश्यकता के अनुरूप पेयजल की आपूर्ति की जा सकेगी। इस दौरान जल प्रदाय विभाग के प्रभारी सदस्य जितेंद्र सोनी ने बताया कि महापौर श्रीमती भगत भगत से जल संकटग्रस्त वार्डों के समस्या को लेकर नमनाकला नवीन उच्चस्तरीय जलागार निर्माण कार्य हेतु अवगत कराया गया था। कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल एवं महापौर के सामूहिक प्रयास से राज्य शासन से जलागार व राइजिंग मेन पाइप लाइन इतनी बड़ी राशि की स्वीकृति प्रदान हो सकी है।

वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्रीमती अनीता रविंद्र गुप्त भारती ने बताया कि नमनाकला वार्ड में छोटी टंकी के वजह से जल की आपूर्ति पूरी तरीके से नही हो पाती थी। खासकर गर्मियों के दिनों में ऐसा होता हैं, बढ़ते हुए जनसंख्या एवं वार्डो के विस्तार को देखते हुए 25 सालों की आगामी योजना आने वाली पीढ़ी और जनसंख्या के दबाव और और क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए टंकी के निर्माण कार्य हेतु राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य श्रीमती ममता तिवारी, श्रीमती श्वेता गुप्ता, श्रीमती प्रियंका गुप्ता, पार्षद मनोज गुप्ता, श्रीमती किरण दीपक सिंह तोमर, अनिल तिवारी, आकाश गुप्ता, संतोष दास, अभिषेक शर्मा, अवधेश सोनकर, विकास गुप्ता, जल विभाग के प्रभारी प्रशांत खुल्लर, अभियंता सतीश रवि सहित अन्य मौजूद थे।



## ऑटो एवं तेज रफ्तार मार्शल में भिड़ंत, ऑटो चालक गंभीर

- अनियंत्रित होकर पलटी मार्शल, ऑटो के उड़े परखच्चे

**दरिमा।** श्याम घुनघुट्टा नहर के पास दो वाहनों के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि तेज रफ्तार मार्शल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। मार्शल सवारों को भी चोटें आई है।

गुरूवार को सुबह ग्राम पंचायत दरिमा निवासी संतोष कुमार सोनी अपने ऑटो क्रमांक 15 एडी 2056 से सुबह सवारियों को अम्बिकापुर स्थित गुदरी बाजार छोड़कर वापस घर लौट रहा था। जैसे ही वह मछली पालन केन्द्र के पास पहुंचा विपरीत दिशा से तेज रफ्तार से आ रहे मार्शल वाहन क्रमांक सीजी 15 सीआर 3842 का चालक सड़क के दाहिनी ओर चलते हुए जबरदस्त टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी तेज थी ऑटो के परखच्चे उड़ गए तथा ऑटो दूर जा गिरी। ऑटो के इंजन के पार्ट इधर-उधर बिखर गए वहीं सिर में गंभीर चोट लगने के कारण लहूलुहान ऑटो चालक अचेत हो गया। तेज रफ्तार मार्शल भी अनियंत्रित होकर नहर किनारे पलट गई। मार्शल में 2 बच्चे एवं पांच व्यस्क कुल 7 लोग सवार थे सभी सवारों को चोटें आई है। हादसे के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल ऑटो चालक को अम्बिकापुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों ने दुर्घटनाग्रस्त मार्शल में सवार लोगों को भी बाहर निकाला तथा मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजवाया। सूचना पर कुछ देर बाद स्थानीय पुलिस पहुंची एवं घटनास्थल का जायजा लिया। बताया जा रहा है कि मार्शल मैनपाट निवासी बैजू यादव की है तथा चालक अनियंत्रित गति से गलत दिशा से वाहन चला रहा था जिसके कारण दुर्घटना घटित हुई।



### युवक ने घर के बाड़ी स्थित पेड़ में लगाई फांसी, मौत

**अम्बिकापुर।** युवक ने अज्ञात कारण से घर के बाड़ी स्थित पेड में गमछा से फांसी लगा ली जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार ग्राम देवगढ़ निवासी मनबोध आ. किशुन (27 वर्ष) बीती रात घर के बाड़ी स्थित बीही पेड़ में गमछा से फांसी लगा लिया। घटना की जानकारी उस समय लगी जब बड़ा भाई मवेशी को चारा खिला रहा था तभी उसके पेड़ में भाई को मृत हालत में फांसी में लटका देखा। परिजन ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411